दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 256 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

बुधवार
3 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## अनमोल वचन

"अगर धन दूसरों की भलाई करने में काम आए, तो इसका कुछ मूल्य है अन्यथा ये सिर्फ बुराई का एक ढेर है और इससे जल्दी छुटकारा मिल जाए, उतना बेहतर है।"

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में जनजातीय विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी



नई दिल्ली (एजेंसी)। जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली में एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसियों और एकीकृत जनजातीय विकास परियोजनाओं को सुदृढ़ करने पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगी।

यह आयोजन जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के अंतर्गत हो रहा है। उद्घाटन सत्र के अंतर्गत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान के नैनो विज्ञान और इंजीनियरिंग केंद्र में स्थापित प्रशिक्षण केंद्र का वर्चुअल रूप से उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में स्थापित 75 अंतरिक्ष प्रयोगशालाओं का भी उद्घाटन करेंगी। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश भर में जनजातीय विकास के लिए जिम्मेदार संस्थागत प्रणालियों को सुदृढ़ करना है, जिसमें शासन सुधार, अभिसरण तंत्र और प्रौद्योगिकी-आधारित सेवा वितरण शामिल हैं। सम्मेलन में 26 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है।

## भारत और म्यांमार ने मादक पदार्थ नियंत्रण पर आठवीं द्विपक्षीय बैठक आयोजित की




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और म्यांमा ने आज नई दिल्ली में मादक पदार्थों पर नियंत्रण में सहयोग के लिए आठवीं द्विपक्षीय बैठक आयोजित की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो दृ एनसीबी के महानिदेशक अनुराग गर्ग ने किया, जबकि म्यांमा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय मादक द्रव्य नियंत्रण समिति के संयुक्त सचिव थान्ट ल्विन माउंग ने किया। एनसीबी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने क्षेत्र में विकसित हो रहे मादक पदार्थों की तस्करी के परिदृश्य की समीक्षा की और खुफिया जानकारी साझा करने, समन्वित अभियानों, डार्कनेट के माध्यम से तस्करी और अवैध अफीम की खेती में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। विचार-विमर्श में दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थों की तस्करी और सुनियोजित अपराध के खिलाफ द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की।

## संक्षिप्त न्यूज

### सरकार ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली के लिए सेवा अनुबंध से संबंधित मामलों की जांच के लिए समिति का गठन किया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली के सेवाओं की खरीद से संबंधित मामलों की जांच के लिए एक सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता क्षमता निर्माण आयोग की अध्यक्ष एस. राधा चौहान करेंगी। समिति एक माह के अंदर कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

इस बीच, बोर्ड ने आज कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियों में पाई गई त्रुटियों के सत्यापन और उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन हेतु ऑनलाइन पोर्टल खोल दिया है। यह सुविधा केवल उन्हीं छात्रों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियां प्राप्त कर ली हैं।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के सूरत में हुई दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के सूरत में हुई दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने दुर्घटना में मारे गये लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान जारी है और प्रशासन सभी संभव सहायता उपलब्ध करा रहा है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रूपये और घायलों को 50-50 हजार रूपये की अनुग्रह देने की घोषणा की है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## भारत ने वायु से सतह पर मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल रुद्रम-टू का सफल परीक्षण किया



ओडिसा (एजेंसी)। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन-डीआरडीओ तथा वायुसेना ने स्वदेश निर्मित हवा से जमीन पर मार करने में सक्षम रुद्रम-टू मिसाइल का सफल परीक्षण किया है।

ये परीक्षण ओडिसा के चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज में अत्यंत कठिन परिस्थितियों में किए गए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि परीक्षण के दौरान मिसाइले सटीकता के साथ अपने निर्धारित लक्ष्य तक पहुंची।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विकास और उत्पादन भागीदारों तथा संबंधित उद्योग हितधारकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सफल परीक्षण स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकियों की बढ़ती परिपक्वता को प्रदर्शित करते हैं और उन्नत हथियार प्रणालियों में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## नेपाल के साथ द्विपक्षीय संबंधों में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं : भारत

नई दिल्ली । भारत ने कहा है कि नेपाल और भारत के द्विपक्षीय संबंधों में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह बात नेपाल के प्रधानमंत्री की भारत-नेपाल सीमा को लेकर टिप्पणी और उसके बाद नेपाल के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के बारे में पूछे गये सवाल के उत्तर में कही। श्री जायसवाल ने कहा कि सीमा मुद्दों के सभी पहलुओं को सुलझाने के लिए स्थापित द्विपक्षीय तंत्र हैं। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल सीमा का लगभग 98 प्रतिशत सीमांकन हो चुका है।

भारत ने जम्मू-कश्मीर के बारे में पाकिस्तान-यूरोपीय संघ के संयुक्त वक्तव्य में अवांछित संदर्भों को भी खारिज किया। श्री जायसवाल ने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा कि जिनका ऐसे मामलों पर कोई अधिकार नहीं है, उन्हें इन पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

## सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित किए

नई दिल्ली। सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-पीएमआरबीपी के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार राष्ट्रपति द्वारा उन बच्चों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसी श्रेणियों में उत्कृष्टता प्रदर्शित की है।

महिला और बाल विकास मंत्रालय ने बताया है कि नामांकन केवल ्तके.हवअ.पद पर स्थित राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ही प्राप्त किए जाएंगे।

## वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज चार दिन के भारत दौरे पर



वेनेजुएला(एजेंसी)। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज कल से चार दिन के भारत दौरे पर रहेंगी। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि डेल्सी रोड्रिग्ज के साथ कैबिनेट के प्रमुख मंत्री भी रहेंगे। श्री जायसवाल ने बताया कि डेल्सी रोड्रिग्ज अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। यह वार्ता ऊर्जा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य सेवा, दवा और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों की खोज पर केंद्रित होगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने ऊर्जा क्षेत्र में वेनेजुएला में महत्वपूर्ण निवेश किया है। सार्वजनिक उपक्रम अपनी उपस्थिति को और बढ़ाने के अवसरों का पता लगाने के लिए इच्छुक हैं। मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती मिलने तथा विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग होने की उम्मीद है।

## सर्वोच्च न्यायालय ने अगस्त्यमलाई पारिस्थितिकी परिदृश्य के संरक्षित क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया



नई दिल्ली (एजेंसी)। सर्वोच्च न्यायालय ने तमिलनाडु और केरलम में अगस्त्यमलाई पारिस्थितिकी परिदृश्य के संरक्षित क्षेत्रों में अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए एक समयबद्ध अतिक्रमण उन्मूलन योजना तैयार करने और प्राथमिकता के आधार पर इसे लागू करने का निर्देश दिया है। शीर्ष न्यायालय ने ये भी निर्देश दिया कि उन सभी 118 वर्तमान और सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों के खिलाफ अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई शुरू की जाए जिन्होंने अतिक्रमण किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि अगस्त्यमलाई के संरक्षित क्षेत्रों में अतिक्रमण मद्रास उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद कई दशकों से जारी है और लगातार बढता गया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि अतिक्रमण उन्मूलन योजना में अवैध कब्जों को हटाने के लिए व्यापक उपाय, जानबूझकर नियमों का उन्मूलन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन के उपाय शामिल हैं।

## श्रीलंका के केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने देश में मुद्रास्फीति में वृद्धि की चेतावनी दी

श्रीलंका(एजेंसी)। श्रीलंका के केंद्रीय बैंक के गवर्नर डॉ. नंदलाल वीरसिंघे ने चेतावनी दी है कि यदि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ईंधन की कीमतें बढ़ती रहीं, तो देश में मुद्रास्फीति लगभग 7 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मुद्रास्फीति लगभग 5.4 से 5.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।



डॉ. वीरसिंघे ने कहा कि पश्चिम एशिया में लंबे समय से चली आ रही अस्थिरता से ईंधन की कीमतें बढ़ गई हैं, जो श्रीलंका जैसी आयात-निर्भर अर्थव्यवस्थाओं के लिए जोखिम पैदा करती हैं। उन्होंने कीमतों में वृद्धि को रोकने के लिए आने वाले महीनों में घरेलू मांग को नियंत्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## केरल विधानसभा के उपाध्यक्ष के रूप में कांग्रेस नेता शानिमोल उस्मान चुनी गई



केरल(एजेंसी)। केरल विधानसभा में कांग्रेस नेता शानिमोल उस्मान उपाध्यक्ष चुनी गई। शानिमोल उस्मान को 99 वोट मिले, जबकि विपक्षी उम्मीदवार मोहम्मद मोहसिन को 34 वोट प्राप्त हुए। भारतीय जनता पार्टी के तीनों सदस्यों ने मतदान में भाग नहीं लिया।

# मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत कमजोर वर्ग की बेटियों के विवाह के लिए आर्थिक सहायता

हरियाणा(ब्यूरों)। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा बेटियों की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है।

उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति और टपरीवास समुदाय के पात्र परिवारों को 71 हजार रूपये की राशि विवाह के अवसर पर दी जा रही है। इसी प्रकार पिछड़ा वर्ग परिवार को विवाह के अवसर पर कन्यादान के रूप में 51 हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। वहीं विधवा, तलाकशुदा, अनाथ या बेसहारा महिलाओं के पुनर्विवाह पर (यदि पहली शादी के समय योजना का लाभ नहीं लिया गया हो) को भी 51 हजार रूपये की राशि दी जाती है। यदि नवविवाहित दंपती दिव्यांग हैं तो उन्हें भी 51 हजार रूपये की सहायता राशि मिलेगी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कन्याओं के विवाह में सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले पिछड़े वर्ग के परिवारों को उनकी बेटियों के विवाह के लिए, किसी भी वर्ग की महिला खिलाडियों को उनकी स्वयं की शादी के लिए और ऐसे दिव्यांग जोड़ों को जिनमें पति या पत्नी में से कोई एक भी दिव्यांग हो, उसे भी अब 51 हजार रूपये की राशि कन्यादान स्वरूप दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए विवाह के 6 महीने के भीतर विवाह पंजीकरण कराना जरूरी है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया को बहुत सरल और सुगम बनाया गया है ताकि पात्र व्यक्ति आसानी से लाभ उठा सकें। आवेदक ीजजचरूध्ध्ेंकप.मकपी.हवअ.पदध पोर्टल पर जाकर मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## 14 जून तक कराएं आधार कार्ड को निशुल्क अपडेट : उपायुक्त

हरियाणा(ब्यूरों)। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि नागरिक 14 जून तक अपने आधार कार्ड को निशुल्क अपडेट करवा सकते हैं। यह मुफ्त सेवा केवल 'माय आधार पोर्टल' पर उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए नागरिकों को नाम, जन्म तिथि, रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद आधार अपडेट के लिए शुल्क देना होगा। ऑनलाइन अपडेट की सुविधा सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए है, जिनका मोबाइल नंबर उनके आधार से लिंक है।

उपायुक्त ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट कराना जरूरी है। नागरिक खुद भी http://uidai-gov-in/ वेबसाइट पर जाकर इसे अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर आधार कार्ड अपडेट कराया जा सकता है।




दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

## अपराध और लापरवाही का 'इंडस्ट्रियल हब' बनता लुधियाना


पंजाब की आर्थिक रीढ़ और उद्योगों का सिरमौर कहा जाने वाला महानगर लुधियाना आज एक बेहद खतरनाक मोड़ पर आकर खड़ा हो गया है। पिछले कुछ दिनों के भीतर शहर में जो कुछ भी घटा है! चाहे वह आरके रोड की पाना-चाबी फैक्ट्री में जहरीली गैस से बाप-बेटे समेत तीन मजदूरों की मौत हो, या फिर शृंगार सिनेमा रोड पर दिनदहाड़े हुई गैंगवार और अंधाधुंध गोलीबारीकृइन सभी ने मिलकर शहर के आम नागरिक को गहरे खौफ और असुरक्षा में धकेल दिया है। सवाल यह उठता है कि क्या देश के इस बड़े औद्योगिक केंद्र में इंसानी जान इतनी सस्ती हो चुकी है कि यहाँ न तो काम की जगह सुरक्षित है और न ही शहर की सड़कें?

फैक्ट्री हादसों और गैस लीकेज की बार-बार होने वाली घटनाओं ने औद्योगिक सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं। ग्यासपुरा के पुराने जख्म अभी पूरी तरह भरे भी नहीं थे कि आरके रोड पर बिना किसी सेफ्टी किट, मास्क या वेंटिलेशन के मजदूरों को मौत के कुएं (सीवरेज टैंक) में उतार दिया गया। जब मुनाफा कमाने की होड़ में फैक्ट्री मालिकों की लापरवाही और प्रशासनिक विभागों की अनदेखी मिल जाती है, तो ऐसे ही दर्दनाक हादसे पैदा होते हैं। केवल हादसों के बाद एफआईआर दर्ज कर लेना या मुआवजे का मरहम लगा देना इसका स्थायी समाधान नहीं है। श्रम विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आखरि तब तक क्यों सोए रहते हैं जब तक कि कोई बड़ी बलि न चढ़ जाए?

दूसरी तरफ, महानगर की कानून-व्यवस्था का ग्राफ लगातार पाताल की ओर जा रहा है। व्यस्ततम और भीड़भाड़ वाले शृंगार सिनेमा रोड पर दोपहर के समय सरेआम गोलियां चलना इस बात का सीधा सबूत है कि अपराधियों के दिलों से पुलिस का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है। जब शहर के बीच बाजार में बंदूकें गरजती हैं, तो केवल कानून की धज्जियां नहीं उड़तीं, बल्कि सरकार के उन बड़े-बड़े दावों की भी हवा निकल जाती है जिनमें राज्य को सुरक्षित और अपराध-मुक्त बनाने की बातें कही जाती हैं।

लुधियाना को अपराधियों की श्गैंगवारश और फैक्ट्री मालिकों की 'लापरवाही' के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। अगर सरकार और स्थानीय प्रशासन ने तुरंत कड़े कदम नहीं उठाए, तो वह दिन दूर नहीं जब उद्योगों की यह चमक अपराध और प्रदूषण के अंधेरे में पूरी तरह खो जाएगी। अब समय आ गया है कि पुलिस कमिश्नरेट सड़कों पर अपनी साख बहाल करने के लिए अपराधियों के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस की नीति अपनाए और जिला प्रशासन नियमों का उल्लंघन करने वाली फैक्ट्रियों पर ऐसी कार्रवाई करे जो दूसरों के लिए नजीर बने। शहरवासियों को अब खोखले आश्वासनों की नहीं, बल्कि धरातल पर सुरक्षित माहौल की जरूरत है।

-कमल पवार(सम्पादक)




जीत क्लासीफाइड

अपना क्लासिफाईड/ डिस्पले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करें।
9803025111, 8878400009

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# नगर निगम जोन ए ,जोन डी की बड़ी कार्रवाई, एक कॉलोनी समेत 5 अवैध निर्माण ध्वस्त



जीत समाचार लुधियाना(विक्की कुमार)।

अवैध निर्माणों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लुधियाना नगर निगम की टीमों ने मंगलवार को जोन ए और जोन डी के विभिन्न इलाकों में कार्रवाई करते हुए एक अवैध कॉलोनी समेत पांच अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कदम उठाए।

**जोन ए में तीन स्थानों पर कार्रवाई :** एटीपी कपिल देव के नेतृत्व में बिल्डिंग शाखा की टीम ने नानक नगर (कारबारा बस्ती) में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। इसी क्षेत्र में एक अवैध व्यावसायिक भवन को भी गिराया गया, जबकि एक अन्य अवैध कॉमर्शियल इमारत को सील कर दिया गया।

**हाई टेंशन तारों के नीचे बन रही फैक्ट्री पर भी कार्रवाई**

नगर निगम की टीम ने हीरा नगर, काकौवाल रोड स्थित उस अवैध औद्योगिक भवन को भी ढहा दिया जो हाई-टेंशन बिजली तारों के नीचे बनाया जा रहा था। अधिकारियों के अनुसार, यह निर्माण सुरक्षा मानकों के खिलाफ था और भविष्य में गंभीर खतरा पैदा कर सकता था।

**जोन डी में दोबारा शुरू हुए निर्माण पर सख्ती :** जोन डी में ए.टी.पी. राज कुमार और बिल्डिंग इंस्पेक्टर कुलजीत मंगत की टीम ने घुमार मंडी क्षेत्र में एक अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। अधिकारियों ने बताया कि मई महीने में भी इस भवन के खिलाफ कार्रवाई की गई थी, लेकिन भवन मालिक ने दोबारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया था, जिसके बाद फिर से कार्रवाई करनी पड़ी।

**अभियान जारी रहेगा :** नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता के निर्देशों के अनुसार की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर में अवैध निर्माणों और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

**निगम की अपील :** नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले भवन नक्शा और आवश्यक अनुमतियां अवश्य प्राप्त करें। बिना मंजूरी के किए गए निर्माणों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।




# शिमलापुरी जनता नगर डबल मर्डरः 24 घंटे में पर्दाफाश, कर्जदार भतीजे ने ही किया था बुआ-फूफा का कत्ल

जीत समाचार लुधियाना (कमल पवार)।

लुधियाना शिमलापुरी के जनता नगर में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे में पर्दाफाश कर दिया है। कर्ज में डूबे भतीजे प्रदीप सिंह (34) ने ही अपने बुजुर्ग बुआ-फूफा की बेरहमी से हत्या की थी। पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा ने न्यू अंगद कॉलोनी निवासी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में इस्तेमाल लोहे का बेयरिंग भी बरामद हुआ है।



**कर्ज ने बनाया हैवान :** पूछताछ में सामने आया कि प्रदीप कर्ज के बोझ तले दबा था। काम-धंधा नहीं था, कार भी गिरवी थी। हरमीत कौर उसकी दूर की बुआ थीं। वह अक्सर मदद के नाम पर पैसे ले जाता था। 28 मई शाम 6 बजे वह बुआ के घर पहुंचा। पैसे मांगने पर पहले मना किया, फिर एक हजार दिए गए। इसी दौरान अलमारी में पैसे देखकर उसकी नीयत खराब हो गई।

**खौफनाक वारदात का तरीका :** जांच अधिकारियों के अनुसार, आरोपी को पता था कि बुजुर्ग दंपती घर में अकेले रहते हैं। पांचों बेटियां विदेश में बसी हैं। पैसे देखकर गुस्से में आकर प्रदीप ने लोहे के बेयरिंग से फूफा कुलदीप सिंह और बुआ हरमीत कौर के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए। संभलने का मौका नहीं दिया। सांसें थमने तक वार करता रहा।

**लूटपाट कर हुआ फरार :** हत्याकांड के बाद प्रदीप ने अलमारी से 60 हजार रुपये समेटे। हरमीत कौर के कानों से सोने की बालियां और हाथों से कड़े भी नोच लिए। वारदात को चोरी का रूप देने के लिए दंपती के दो मोबाइल वहीं फेंक दिए। पीछे के रास्ते से भाग गया।

**पुलिस की जांच और गिरफ्तारी :** पुलिस कमिश्नर ने बताया कि 28 मई शाम को वारदात हुई थी। 30 मई सुबह तक किसी को पता नहीं चला। बेटी के फोन करने पर रिश्तेदारों ने घर जाकर देखा तो दोनों मृत पड़े थे। पुलिस ने कई थ्योरी पर जांच कर आरोपी को काबू किया। लूटे गए पैसे और जेवर का पता लगाया जा रहा है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

# लुधियाना पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी : एटीएम तोड़ने वाले संगठित गिरोह के 2 मुख्य सदस्य गिरफ्तार



जीत समाचार लुधियाना (कमल पवार)।

कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए विभिन्न जिलों में ज्ड तोड़ने वाले संगठित गिरोह के 2 मुख्य सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से .32 बोर पिस्तौल, 2 जिंदा कारतूस, इंडस्ट्रियल गैस कटर सेट और वारदात में इस्तेमाल की जाने वाली मारुति अर्टिगा गाड़ी बरामद की गई है।

**ऐसे पकड़ा गया गिरोह :** पुलिस कमिश्नर ने बताया कि सी.आई.ए. स्टाफ को गुप्त सूचना मिली थी कि अंतर-जिला गिरोह शहर में बड़ी वारदात को अंजाम देने की ताक में है। नाकाबंदी के दौरान दोनों आरोपियों को हथियारों और औजारों समेत काबू किया गया।

**एटीएम तोड़ने का तरीका :** पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह रात के समय गैस कटर से ज्ड मशीन काटकर कैश चोरी करता था। मारुति अर्टिगा में आते थे और पिस्तौल सुरक्षा के लिए रखते थे। पंजाब के कई जिलों में वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

**खुलासे की उम्मीद :** पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ जारी है। गिरोह के बाकी सदस्यों और अन्य वारदातों का पता लगने की संभावना है। बरामद हथियार की जांच की जा रही है।

# लुधियाना (उत्तरी) को 38 लाख का तोहफा : माल मंत्री मुंडियां ने नई सब तहसील कॉम्प्लेक्स जनता को समर्पित किया





जीत समाचार लुधियाना (अरूण कुमार)।

पंजाब के माल, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन, जल आपूर्ति व स्वच्छता, आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने मंगलवार को लुधियाना (उत्तरी) में बनी नई सब तहसील के कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। इससे हलका वासियों को 38 लाख रूपये का तोहफा मिला है।

**नायब तहसीलदार ने संभाला चार्ज :** पंजाब सरकार की ओर से नायब तहसीलदार जगसीर सिंह को लुधियाना (उत्तरी) में नियुक्त किया गया है। उन्होंने माल मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां की मौजूदगी में चार्ज संभाल लिया।

**जनता का पैसा कल्याण कार्यों पर :** कैबिनेट मंत्री मुंडियां ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार जनता का एक-एक पैसा कल्याण कार्यों पर खर्च करने के लिए वचनबद्ध है। 38 लाख रूपये की लागत से बने इस कॉम्प्लेक्स का कुल क्षेत्रफल 4400 वर्ग फुट है और 2000 वर्ग फुट में निर्माण हुआ है।

**क्या-क्या सुविधाएं मिलेंगी ? :** नए कॉम्प्लेक्स में सब रजिस्ट्रार कार्यालय, रजिस्ट्री रूम, रीडर रूम, फर्द रूम, लोगों के लिए ह हॉल, कैंटीन, जनरेटर रूम और बाथरूम स्थापित किए गए हैं। ईजी रजिस्ट्री स्टाफ, कंप्यूटर और कैमरे भी लगा दिए गए हैं। आज से ही काम शुरू हो गया है।

**पिछली सरकारों ने ध्यान नहीं दिया :** मंत्री मुंडियां ने कहा कि पिछली सरकारों ने ऐसे जनहितैषी कार्यों पर कभी ध्यान नहीं दिया। नए माहौल में स्टाफ बिना किसी परेशानी के लोगों के काम करेगा।

**विधायक बग्गा बोले दृ 'लंबे समय की मांग पूरी' :** हलका विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने मुख्यमंत्री मान का धन्यवाद करते हुए कहा कि लोगों को रजिस्ट्रियां कराने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर जाना पड़ता था। सब तहसील बनने से मुश्किल खत्म हो गई। पिछले साढ़े चार सालों में हलके की तस्वीर बदल रही है।

**डीसी जैन - 'सब तहसील पूरी तरह तैयार' :** डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने बताया कि जरूरी स्टाफ नियुक्त है। पब्लिक एरिया में एसी पानी और वेटिंग की सुविधा है इस मौके पर विधायक अशोक पराशर पप्पी, विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू, कमिश्नर नगर निगम नीरू कत्याल गुप्ता, स्पेशल सेक्रेटरी टी. बैनिथ, एसडीएम जसलीन कौर भुल्लर, एसडीएम कुलदीप बावा, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर सहित बड़ी संख्या में इलाका निवासी मौजूद थे।

# 15 को जिला हमीरपुर में भी होगी मैगा मॉक एक्सरसाइज

## भूकंप और अन्य आपदाओं की स्थिति में बचाव कार्यों का किया जाएगा अभ्यास



जीत समाचार हमीरपुर (ब्यूरो)। आपदा के दौरान बचाव एवं राहत कार्यों को सुनियोजित और प्रभावी ढंग से अंजाम देने के अभ्यास तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित संसाधनों के आकलन के लिए इस बार 15 जून को प्रदेशव्यापी मैगा मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जा रही है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के तकनीकी सहयोग से आयोजित की जा रही इस मैगा मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों के लिए मंगलवार को एक कार्यशाला आयोजित की गई।

वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस कार्यशाला में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) हमीरपुर के अधिकारियों और अन्य विभागों के अधिकारियों ने भी भाग लिया। कार्यशाला के दौरान एनडीएमए के सीनियर कंसल्टेंट मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) सुधीर बहल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मैगा मॉक एक्सरसाइज के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 15 जून को आयोजित की जाने वाली इस मैगा मॉक एक्सरसाइज की रूपरेखा तय करने के लिए 12 जून को टेबल टॉप एक्सरसाइज होगी। उन्होंने बताया कि इस बार मैगा मॉक एक्सरसाइज के दौरान केवल दिन ही नहीं, बल्कि रात के समय भी बचाव कार्यों का अभ्यास किया जाएगा। इसके लिए दिन में भूकंप जैसी आपदा की परिस्थिति और रात के समय वनों की आग या भूस्खलन जैसी आपदा की परिस्थिति के अनुसार बचाव कार्यों को अंजाम दिया जाएगा।

उपायुक्त एवं डीडीएमए की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने जिला के सभी संबंधित अधिकारियों को मैगा मॉक एक्सरसाइज की तैयारियां करने के निर्देश दिए।

# जेबीटी भर्ती परीक्षा और टैट एक ही दिन है तो तुरंत सूचित करें अभ्यर्थी

जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरो)। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि जेबीटी पोस्ट कोड-26015 की भर्ती के लिए आयोग 13, 14 और 16 जून को विभिन्न शिफ्टों में कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) आयोजित करने जा रहा है। इसी बीच, राज्य शिक्षा बोर्ड भी विभिन्न संकायों की टैट परीक्षाएं आयोजित कर रहा है।

डॉ. विक्रम महाजन ने कहा कि जेबीटी पोस्ट कोड-26015 की भर्ती के शेड्यूल के अनुसार अगर किसी अभ्यर्थी की सीबीटी परीक्षा और टैट की परीक्षा एक ही दिन आ रही है तो वह 5 जून तक आयोग की ईमेल आईडी hprca@hp-gov-पद पर सूचित कर दे। इस ईमेल में टैट की परीक्षा के प्रमाण के रूप में उक्त परीक्षा का एडमिट कार्ड या कोई अन्य दस्तावेज अवश्य संलग्न होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि निर्धारित अवधि के भीतर सूचना प्राप्त होने पर आयोग ऐसे अभ्यर्थियों की जेबीटी भर्ती परीक्षा के शेड्यूल में आंशिक बदलाव करने पर विचार कर सकता है।


# 15 तक बिजली बिल जमा करवाएं हमीरपुर-2 के उपभोक्ता

जीत समाचार हमीरपुर (ब्यूरो)।विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 15 जून तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सौरभ राय ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 15 जून तक हमीरपुर शहर के भोटा चौक पर स्थित उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें।

उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।







दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की
www.zeetsamachar.com

# परंपरा और उत्साह के साथ शुरू हुआ 'चम्वेया दा मेला', कुश्ती के दांव-पेच ने बांधा समां





जीत समाचार जयसिंहपुर/दगोह (अभिषेक न्यूज-एडिटर)।
क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने वाला पारंपरिक 'चम्वेया दा मेला' दगोह में पूरी धूमधाम के साथ आरंभ हुआ। मेले के दुसरे दिन कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया।

**मुख्य अतिथि ने बढ़ाया मान :**
मेले के शुभारंभ अवसर पर रमेश चंद जी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि धर्म सिंह जी ने विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि रमेश चंद जी ने दीप प्रज्वलित कर और कुश्ती के अखाड़े का विधिवत उद्घाटन कर मेले का आगाज किया। अपने संबोधन में उन्होंने क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति को जीवित रखने में ऐसे मेलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

**विशेष उपस्थिति :**
मेले के दुसरे दिन की रौनक बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत दगोह के सभी सम्मानित सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और अधिक गरिमापूर्ण बनाया।

**कुश्ती का रोमांच :**
मेले का मुख्य आकर्षण कुश्ती प्रतियोगिता रही, जिसमें क्षेत्र के युवा पहलवानों ने अपने दमखम का प्रदर्शन किया। अखाड़े में पहलवानों के दांव-पेच को देखकर दर्शक जोश से भर उठे। विजेता पहलवानों को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया।

**पंचायत वासियों को शुभकामनाएं :**
इस अवसर पर 'जीत समाचार' की ओर से ग्राम पंचायत दगोह के सभी निवासियों को 'चम्वेया दा मेला' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी जाती हैं। आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर इसे सफल बनाएं और अपनी लोक संस्कृति का आनंद लें।

# शिमला में हिमाचल प्रदेश पुलिस के पूर्व जवानों के सम्मान समारोह में सहभागिता की।

जीत समाचार शिमला (ब्यूरों)। मंगलवार को शिमला में हिमाचल प्रदेश पुलिस के पूर्व जवानों के सम्मान समारोह में सहभागिता की।
उनका अनुशासन, अनुभव और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। पुलिस बल में मानद हेड कांस्टेबल के लिए 20 वर्ष तथा मानद सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) के लिए 32 वर्ष की सेवा का प्रावधान है। पूर्व जवान सामान्यतः अपने सेवाकाल के अपेक्षाकृत बाद के चरण में सेवा से जुड़ते हैं, इसलिए उनकी परिस्थितियों को देखते हुए पात्रता में आवश्यक छूट प्रदान की गई है।
इस निर्णय के तहत 246 पूर्व जवानों को हेड कांस्टेबल तथा 115 को एएसआई के रूप में नियुक्ति दी गई।
राज्य सरकार नशे, विशेष रूप से शचिट्टाश के खिलाफ सख्त और व्यापक अभियान चला रही है, जिसमें पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है।



इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल जी,डीजीपी अशोक तिवारी जी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# 20 रूपये के बीमा ने बना सहारा: दुर्घटना में दिव्यांग हुए कुलदीप चंद को मिले 2 लाख रूपये



जीत समाचार पालमपुर/तिनबड़ (रवि कुमार)।
प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि छोटी सी बचत बड़े संकट के समय परिवार के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच साबित हो सकती है। हिमाचल ग्रामीण बैंक, भुआणा शाखा की सूझबूझ और तत्परता से गांव भुआणा निवासी कुलदीप चंद को 2 लाख रूपये का क्लेम प्राप्त हुआ है।

**क्या था पूरा मामला ?**
गांव भुआणा के निवासी कुलदीप चंद ने हिमाचल ग्रामीण बैंक की भुआणा शाखा में मात्र 20 रूपये की सालाना किस्त जमा कर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत अपना पंजीकरण करवाया था। फरवरी 2025 में एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में कुलदीप चंद के दाहिने हाथ और पैर की हड्डी टूट गई, जिससे उनके दोनों अंगों ने काम करना बंद कर दिया।
टांडा मेडिकल कॉलेज में लगभग एक वर्ष तक उनका इलाज चला, लेकिन दुर्भाग्यवश स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। अंततः मेडिकल बोर्ड ने उन्हें शत-प्रतिशत निःशक्त (दिव्यांग) घोषित कर दिया, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

**बैंक की त्वरित कार्रवाई :**
मुश्किल घड़ी में कुलदीप की पत्नी निक्की देवी और बेटी यशिका कुमारी ने बैंक शाखा से संपर्क कर बीमा क्लेम की प्रक्रिया शुरू की। शाखा प्रबंधक रणजीत सिंह ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल प्रभाव से सभी औपचारिकताओं को पूरा करवाया। लंबी प्रक्रिया के बाद, 30 मई 2026 को बैंक की टीम ने स्वयं कुलदीप चंद के घर जाकर उन्हें '2 लाख रूपये का क्लेम चौक' सौंपा।

**'सुरक्षा बीमा' अपनाएं, भविष्य सुरक्षित बनाएं**
इस अवसर पर बैंक प्रबंधक रणजीत सिंह ने स्थानीय निवासियों से अपील की है कि 70 वर्ष से कम आयु का हर व्यक्ति प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जरूर जुड़े। उन्होंने बताया कि मात्र 20 रूपये की वार्षिक किस्त के बदले, किसी भी दुर्घटना में मृत्यु या पूर्ण विकलांगता की स्थिति में सरकार द्वारा 2 लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह योजना गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए एक बड़ा सहारा है।




दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
"जीत समाचार से जुड़ें, सच्ची ख़बरों का हिस्सा बनें!"
(जीत सच्ची ख़बर की)
रिपोर्टर बनें & ख़बरें दें
अगर आपमें सच्ची ख़बरों की समझ है, तो जीत समाचार से जुड़ें। अपनी ख़बरें, लेख या वीडियो हमें भेजें। हम आपकी आवाज़ को देश-दुनिया तक पहुँचाएंगे।
9803025111, 8878400009
विज्ञापन दें
अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों पर ले जाएँ। जीत समाचार के विशाल पाठक वर्ग तक पहुँचें। आज ही अपने विज्ञापन बुक करें।
हमारी वेबसाइट & सोशल मीडिया
www.zeetsamachar.com - ताज़ा ख़बरों और विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें। सोशल मीडिया पर भी हमें फ़ॉलो करें।
संपर्क करें और विश्वसनीय पत्रकारिता का हिस्सा बनें! 'जीत समाचार' - सिर्फ ख़बरें नहीं, सच्चाई का वादा।